

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 5 शावकों के जन्म पर जताई खुशी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 मार्च।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 5 शावकों के जन्म पर खुशी जताई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान से एक और प्रसन्नता देने वाला समाचार मिला है। कूनो उद्यान में मादा चीता ष्ज्वालाश् ने 5 शावकों को जन्म दिया है। चीता परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि चीतों की पुनर्स्थापन के बाद 10वीं बार सफ्लतापूर्वक जन्म हुआ है। यह इस बात का प्रतीक है यहां की जलवायु चीतों को रास आ गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मादा चीता ज्वाला के 5 शावकों के जन्म के साथ ही, भारत

**कूनो उद्यान के अधिकारी और कर्मचारी चीतों की बेहतर देखरेख के लिए बधाई के पात्र**

में चीतों की कुल संख्या 50 का आंकड़ा पार कर 53 हो गई है। चीता पुनर्स्थापन के कार्य वन्य जीव संरक्षण, प्रकृति और पर्यटन विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध हुए हैं। मध्यप्रदेश की चीतों के लिए ष्अनुकूल घरष् के रूप में विशेष पहचान बनी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण के लिए निश्चित ही यह एक गौरवपूर्ण क्षण है। भारत में चीतों की बेहतर देखरेख और उनके पुनर्वास के प्रयासों की सफ्लता के लिए कूनो राष्ट्रीय उद्यान और वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 22वी किस्त का वितरण 13 को

**श्योपुर, 09 मार्च।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रूपए की राशि तीन समान किश्तो में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी जी द्वारा 13 मार्च को गुवाहटी असम में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के माध्यम से किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर एसडीएम श्योपुर को नोडल अधिकारी बनाया है। इसके साथ ही विजयपुर एवं कराहल ब्लॉक में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए संबंधित एसडीएम को दायित्व सौपे गये है। तहसील स्तर पर तहसीलदार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले की ग्राम पंचायतों में उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये गये है तथा पटवारियों को ग्राम नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है।

# सीईओ ने किया कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद

**अनुपस्थित 5 कर्मचारियों के विरूद्ध एक दिवस अवैतनिक करने की कार्यवाही**

द्वारा कार्यालय जिला पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ-सफाई नियमित रूप से कराये जाने के लिये उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



इस दौरान उन्होंने कार्यालय के प्रत्येक कक्ष का अवलोकन किया तथा उपलब्ध अभिलेखों को सुव्यस्थित करने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा निरीक्षण के समय अनुपस्थित कर्मचारियों सुश्री रागिनी शर्मा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, तरूण त्रिपाठी सहायक ग्रेड-3, विष्णु सुमन आउटसोर्स ऑपरेटर, मनीष शिवहरे सहायक ग्रेड-3 एवं भगत सिंह जाट पीसीओ को एक दिवस अवैतनिक करने की कार्यवाही की गई।

**समय सीमा की बैठक आयोजित**

# जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए दिये निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा टीएल बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक आयोजित किया जायेगा। इसके अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य कराये जायेंगे, जिसके लिए संबंधित विभाग कार्य योजना तैयार करें। इसके साथ ही गत वर्ष आयोजित अभियान के तहत अपूर्ण रहे कार्यो को इस अभियान में पूर्ण कराने का कार्य सुनिश्चित किया जायें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन




सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिए कि 19 मार्च से शुरू हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के ऐसे कार्य लिये जाये, जो जन उपयोगी हो और लोगों को इसका लाभ मिलें। उन्होंने निर्देश दिये कि चौक डैम, स्टॉपडैम तथा बोरी बंधान के कार्य शामिल किये जायें। उन्होंने गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि उपार्जन कार्य से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें, उपार्जन 23 मार्च से शुरू होगा, इसके लिए 33 समितियों को अधिकृत किया गया है। जिनमें से 20 समितियों द्वारा गोदाम स्तर पर खरीदी का कार्य किया जायेगा, इस वर्ष 1 लाख 21 हजार मैट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सभी विभाग प्राप्त आवेदनो का निराकरण सकारात्मक रूप से सुनिश्चित करें, अभियान के तहत अभी तक 60 हजार 779 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है तथा 6 हजार 504 लंबित है, जिनका निराकरण सुनिश्चित किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग की किशोरी बालिकाओं को लगाये जा रहे एचपीवी टीकाकरण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मकडावदा एवं वीरपुर में टीकाकरण की गति बढाई जायें। उन्होंने श्रमयोगी मानधन योजना अंतर्गत हितग्राहियों को तीन हजार रूपये की मासिक पेंशन प्रदाय किये जाने हेतु पंजीयन किये जाने के निर्देश भी दियें। उक्त योजना के तहत श्रमिकों को तीन हजार रूपये मासिक पेंशन उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत सभी तैयारियां पूर्ण करने तथा ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दियें।

**जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत शिविर 11 को :** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 11 मार्च को शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में शिविर आयोजित किया जायेगा। एलडीएम यदु सॉय ने बताया कि कॉलेज में आयोजित शिविर के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें बीमित करने का कार्य किया जायेगा।

# गोरस में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 मार्च।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा माननीय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार कार्यालय भवन गोरस में आज स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प में डॉ विष्णु गर्ग मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ राजेश शाक्य नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ ललित शर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ अरशद अयूब मानसिक रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग सहायक राजकुमार की टीम द्वारा 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का परीक्षण किया गया, नायब तहसीलदार कार्यालय भवन गोरस में आयोजित शिविर में दिव्यांगता का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सतीश सिंह प्रशासनिक अधिकारी, अनिल यादव गतिशीलता प्रशिक्षक, राजभान पटेल पीओ, अशोक यादव विशेष शिक्षक, सुनील दत्त मिश्रा एमआरसीबीआरसी कार्यालय कराहल आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किये जायेगे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**श्योपुर, 9 मार्च।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवांकुर संस्था कौशिकी सोशल वेलफेयर एंड एनवायरमेंट सोसाइटी द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक विजयपुर के तत्वाधान मे ग्राम पंचायत गसवानी मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सरपंच नरेश यादव सहित पंचायत सचिव रामहेत यादव संस्था के अध्यक्ष कमलेश आदिवासी एवं महिलाएं मौजूद रही। इस अवसर पर महिला अधिकारों पर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा जानकारी प्रदान की गयी जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से, तैयारियां करने के निर्देश गेहूं उपार्जन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।-**सीईओ**

# नेपियर घास लगाने पंचायतों में दो-दो हेक्टयर भूमि चिन्हित करें-डीएम

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि प्रोजेक्ट अंतर्गत चिन्हित ग्राम पंचायतों में दो -दो हेक्टयर भूमि नेपियर घास लगाने के लिए चिन्हित की जायें। जिससे

**ग्रीन एज प्रोजेक्ट अंतर्गत टेक्निकल सपोर्ट ग्रुप की बैठक आयोजित**

पशुपालको को चारे की उपलब्धता आसानी से हो सकें। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन को सक्रिय करते हुए संवहनीय आजीविका को बढाने के लिए पशुपालन को बढावा दिया जायें। वे आज ग्रीन एज प्रोजेक्ट अंतर्गत कलेक्टेऊ्ट सभाकक्ष में आयोजित टेक्निकल सपोर्ट गुरुप की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ सुभाष बाबू दौहरे, कार्य पालन यंत्री जल संसाधन चौतन्य चौहान, सहायक संचालक उद्यानिकी सुश्री रिषिका त्रिपाठी, प्रोजेक्ट की स्टेट टेक्निकल काडिनेटर डॉ नीलम बिसेन पंवार, जिला स्तरीय टीम लीडर शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य सदस्य रामअवतार शर्मा, अमृतेश वशिष्ठ, शकील खान, संजय तोमर, श्रीमती पूजा चौधरी, श्रीमती पूजा जैन आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि ग्रीन एज प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे कार्यो के साथ ही कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र आदि की रूटीन योजनाओं का लाभ कन्वर्जन करते हुए प्रोजेक्ट एरिया में लक्षित परिवारों को दिया जायें। पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता के उद्देश्य से उन्हें वानिकी एवं उद्यानिकी से जोडा जायें। उन्होंने कहा कि क्रॉप पेटर्न में बदलाव लाया जायें, इसके लिए कृषि क्षेत्र में कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती को बढावा देने के लिए कार्य किया जायें, कृषि विभाग अंतर्गत 17 स्थानों पर बनाये जाने वाले बायो रिसोर्स सेंटर को प्रोजेक्ट के माध्यम से तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जायें तथा किसानों को जीवामृत, बीजामृत आदि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जायें। इस अवसर पर प्रेजेटेंशन के माध्यम से बताया गया कि प्रोजेक्ट के तहत श्योपुर एवं मुरैना जिले की विजयपुर तथा सबलगढ विकासखण्ड में 98 हजार हेक्टयर भूमि को लक्षित कर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, लाइलीहुड, जैव विविधता, लैण्ड मैनेजमेंट, रिवाईन्स एरिया में सुधार सहित पर्यावरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

इसमें कुल 116 गांव लिये गये है, जिनमें विजयपुर के 78 तथा सबलगढ के 38 गांव शामिल है। इन गांवे में बेसलाइन सर्वे कर लिया गया है तथा वर्तमान में फार्मर फील्ड स्कूल के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किये जा रहे है। चंबल क्षेत्र में मृदा संरक्षण के लिए नेपियर घास लगाने का कार्य भी प्रोजेक्ट के तहत किया जायेगा।











# महिला कबड्डी : 12 टीमों ने की भागीदारी, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

## सीईओ जिला पंचायत ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ, समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष रही मुख्य अतिथि

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा किया गया। पीजी कॉलेज खेल मैदान स्थित इंडोर हॉल में आयोजित प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, खेल अधिकारी अरूण सिंह चौहान, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, परियोजना अधिकारी श्रीमती राजेश शर्मा, श्रीमती सारिका पाटीदार, समन्वयक आरजीएसए उदय सिंह धाकड सहित अन्य अधिकारी, मैच रेफ्री आदि उपस्थित थे।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जिले की 12 टीमें भाग ले रही है, टीमों का उत्साह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अच्छा उदाहरण है। इस अवसर पर उन्होंने भाग ले रही सभी टीमों की महिलाओं को शुभकामनाएं दी।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट ने महिलाओं के लिए आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता को महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा प्रयास बताते हुए कहा कि महिलाएं विभिन्न खेलो में अपना परचम लहरा रही है। इस अवसर पर उन्होंने इस आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं प्रदान की।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। उद्घाटन मैच महिला बाल विकास विभाग एवं जन जातीय कार्य विभाग की टीमो के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता में 12 टीमों द्वारा भाग लिया गया।

यंग फुटबॉल क्लब (खेल विभाग) बालिका टीम, लक्ष्मीबाई क्लब सोईकला बालिका टीम, श्योपुर स्पोर्ट्स क्लब बालिका टीम, जय माता दी क्लब, जनपद पंचायत श्योपुर, पीएम श्री कॉलेज श्योपुर बालिका टीम, एसआरएलएम कराहल एवं श्योपुर महिला टीम, शिक्षा विभाग श्योपुर की शिक्षिकाओं की टीम, जनजातीय कन्या परिसर ढेंगदा (जनपद पंचायत कराहल) की बालिका टीम, राजीव गांधी क्लब बड़ौदा, जनपद पंचायत श्योपुर सहित अन्य टीमें शामिल रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा 'माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना' कर किया गया। प्रतियोगिता की प्रथम टीम का टॉस 'जिला पंचायत सीईओ सुश्री सौम्या आनंद' द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत 'उदय सिंह धाकड़ डीपीएम, आरजीएसए जिला पंचायत श्योपुर एवं श्रीमती बिंदु शर्मा' द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

**खेलो से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है- जिला पंचायत अध्यक्ष**

जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने कहा कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, अनुशासन एवं नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। खेल हमें अनुशासन, साहस, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देते हैं। खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है तथा आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।उन्होने कहा कि महिला सशक्तिकरण के इस युग में महिलाएँ शिक्षा, खेल, प्रशासन, विज्ञान एवं अन्य सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर उन्होने विजेता टीमों को पुरस्कार, शील्ड एवं प्रमाण पत्र भेंट किये।कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के लिए लक्ष्मीबाई क्लब सोईकला को 21000 रूपये नगद पुरस्कार, कप एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान के लिए शिक्षा विभाग श्योपुर की टीम को 11000 नगद पुरस्कार, कप एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तृतीय स्थान के लिए राजीव गांधी क्लब बड़ौदा को 5100 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

**जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी लिया रस्साकसी प्रतियोगिता में भाग**

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत आयोजित रस्साकसी प्रतियोगिता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी द्वारा एनआरएलएम की कराहल टीम की ओर से सहभागिता की गई, टीम के साथ उन्होंने भी रस्साकसी प्रतियोगिता में भाग लिया। यह टीम प्रतियोगिता में विजेता रही।

इसके अतिरिक्त एनआरएलएम श्योपुर, श्योपुर स्पोर्ट्स क्लब एवं पीजी कॉलेज श्योपुर की टीमों को 1100-1100 के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर आयोजित रस्साकसी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के लिए एनआरएलएम कराहल, द्वितीय स्थान के लिए पीजी कॉलेज श्योपुर एवं तृतीय स्थान के लिए एनआरएलएम श्योपुर की टीम को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी अजय त्रिवेदी, सीईओ जनपद कराहल राकेश शर्मा, जयदीप तोमर, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग सुश्री कामिनी पाठक, टीडब्ल्यूडी खेल अधिकारी महाराज सिंह पचोरिया तथा 'डॉ. मनु प्रताप सिंह खेल अधिकारी कॉलेज की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त डीसी आरजीएसए शंकर लाल, डीसी पेसा एक्ट रामगोपाल, डीईओ आरजीएसए भरत जाटव, बीसी आरजीएसए शिवकुमार धाकड़, सुनील कुशवाह, पवन धाकड़, डीईओ जनपद सुनील धाकड़ एवं महेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र में मतदान के महत्व विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा के निर्देशन में 06 मार्च 2026 से 12 मार्च 2026 तक गोदग्राम रायपुरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में शिविर के चौथे दिन आज लोकतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ आसिफ कुरैशी एवं वनस्पति शास्त्र विभाग से सहायक प्राध्यापक अजीत सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। इसके पश्चात डॉ आसिफ कुरैशी द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में लोकतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर छात्राओं को अपने मतदान का जिम्मेदारी पूर्वक एवं सोच समझकर उपयोग करने के प्रति जागरूक किया गया।

इसके पश्चात सहायक प्राध्यापक अजीत सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का केरियर एवं पाठ्यक्रम में योगदान पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने एआई चौटबोट, चौटजीपीटी, गूगल जैमिनी इत्यादि के फायदे एवं नुकसान से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन लर्निंग ऐप्स के माध्यम से छात्राएं किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकती है। लेकिन इनका उपयोग बहुत ही संयम से करना होगा।

इस अवसर पर एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा रायपुरा ग्राम में जल संरक्षण विषय पर रैली निकालकर एवं ग्रामवासियों से वार्तालाप कर जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन नम्रता चौहान, खुशी राजपूत, तमन्ना सोलंकी, वंशिका जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री वेदांकी खंडेलवाल द्वारा किया गया।